नृत्य, योग व गायन का हुनर सीखेंगे बच्चे

● राष्ट्रीय बाल भवन में ग्रीष्मकालीन उत्सव का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने राष्ट्रीय बाल भवन में एक महीने तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन उत्सव 2024 का उद्घाटन किया। यह एक महीने तक चलने वाला शिविर है।

इसमें 5 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 30 से अधिक प्रकार की विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। अतिरिक्त सचिव व राष्ट्रीय बाल भवन के अध्यक्ष विपिन कुमार सहित मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संजय कुमार ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने युवा मस्तिष्कों के पोषण में इस तरह के संवादात्मक और अभिनव कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया। ग्रीष्मकालीन महोत्सव के दौरान साप्ताहिक आधार पर विशेष कार्यशालाएं और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें ओडिसी नृत्य, योग, सुलेख, संगीत गायन, खेल आदि पर सत्र शामिल होंगे। ये कार्यशालाएं बच्चों को अपने कौशल और प्रतिभा को विकसित करने और प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित की गई हैं।